दिन– मंगलवार | दिनांक– 23 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों की गतिविधियां हुईं तेज। तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में महागठबंधन के घटक दलों की आज हुई बैठक।

02. कांग्रेस कार्य समिति की कल पटना में बैठक। पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा राहुल गांधी और सोनिया गांधी भी होंगे शामिल।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार छब्बीस सितम्बर को राज्य की पचहत्तर लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खाते में स्वरोजगार के लिए दस–दस हजार रुपये की राशि ऑनलाइन भेजेंगे।

04. और, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती आज समारोहपूर्वक मनाई गयी। बेगूसराय के सिमरिया स्थित दिनकर ग्राम में श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन।

---

विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों की गतिविधियां तेज हो गयी हैं। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में पटना में महागठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में घटक दल–राजद, कांग्रेस, मुकेश सहनी के नेतृत्व वाली विकासशील इंसान पार्टी, वीआईपी के अलावा वामपंथी दलों के नेता शामिल हुए। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि आज हुई महत्वपूर्ण बैठक में सीट बंटवारे को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने बताया कि बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर घटक दलों के बीच कोई मतभेद नहीं है।

———बाइट———

---

इस बीच, कांग्रेस कार्य समिति की कल पटना के सदाकत आश्रम में बैठक बुलाई गयी है। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी की वरिष्ठ नेत्री सोनिया गांधी समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। पार्टी के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने बताया कि बैठक में बिहार चुनाव सहित देशभर के मुद्दों पर चर्चा होगी।

———बाइट———

---

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि पटना में कांग्रेस कार्यकारणी की बैठक से महागठबंधन को कोई राजनीतिक फायदा नहीं मिलने वाला है।

———बाइट———

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सत्ताईस सितंबर को बिहार दौरे पर आ रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायवाल ने बताया कि श्री शाह अररिया, वैशाली और सारण जिले में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इसके अलावा वे निकटवर्ती जिलों के पार्टी पदाधिकारियों के साथ भी संवाद करेंगे।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार छब्बीस सितम्बर को राज्य की पचहत्तर लाख महिलाओं के बैंक खाते में स्वरोजगार के लिए दस–दस हजार रुपये की राशि ऑनलाइन भेजेंगे। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह राशि मुख्यमंत्री महिला रोजागार योजना के प्रत्येक परिवार से एक महिला को दी जाएगी। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शीघ्र ही पटना मेट्रो और गंगा नदी में वाटर मेट्रो सेवा का शुभारंभ करने पटना आ सकते हैं।

---

जदयू के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बेतिया में एनडीए कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए लोगों से एनडीए सरकार के पक्ष में वोट देने की अपील की। श्री कुमार ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने से बिहार में विकास की गति तेज हुयी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से भरपूर मदद मिल रही है, जिससे राज्य का चहुमुखी विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने राजद कार्यकाल की चर्चा करते हुए कहा कि दो हजार पांच के पहले राज्य का बजट अट्ठाईस सौ करोड़ रुपये था, जो आज बढ़कर लगभग तीन लाख करोड़ रुपये हो गया है।

---

कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने से पहले, मुख्यमंत्री श्री कुमार ने पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर और बेतिया में एक हजार एक करोड़ पचास लाख रुपये की लागत से एक सौ बीस विकास योजनाओं का शिलान्यास और एक सौ सत्तानवे करोड़ छत्तीस लाख रुपये की लागत वाली दो सौ सैंतीस योजनाओं का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने वाल्मीकिनगर में इक्यावन करोड़ चौवन लाख रुपये की राशि से बनने वाले लवकुश पार्क का शिलान्यास भी किया।

---

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि पहले के बिहार में और अब के बिहार में अंतर है। उन्होंने कहा कि पहले हम आठ घंटे में पटना से वाल्मीकिनगर पहुंचते थे अब चार घंटे में पहुंचते हैं, यह हमारा बदलता बिहार है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का विकास हो रहा है और सड़कों का जाल बिछा है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला– सेवा पर्व में, हम बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार रोज़गार सृजन और उद्यमिता को बढ़ावा दे रही है, और युवाओं को भविष्य के रोज़गार सृजक बनने के लिए सशक्त बना रही है। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

रोज़गार सृजन और रोज़गार के अवसरों का विस्तार पिछले 11 वर्षों में नरेंद्र मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। भर्ती, उद्योग विकास और निर्यात पर केंद्रित प्रयासों ने विभिन्न क्षेत्रों में औपचारिक रोज़गार सृजन में मदद की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अक्टूबर 2022 में शुरू किया गया रोज़गार मेला देश भर में रोज़गार सृजन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य युवाओं को सार्थक रोज़गार के अवसर प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना और राष्ट्रीय विकास में उनकी भूमिका को बढ़ाना है। अब तक 16 राष्ट्रीय स्तर के रोज़गार मेले आयोजित किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से 10 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए जा चुके हैं। इस वर्ष अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना शुरू करने की घोषणा की, जिसके तहत लगभग साढे तीन करोड़ युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा किए जाएँगे। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना आज ही 15 अगस्त को लागू हो रही है। यह आपके लिए खुशखबरी है। इस योजना के तहत नीजी क्षेत्र में पहली नौकरी पाने वाले नौजवान को बेटे–बेटी को 15 हजार रुपए सरकार की तरफ से दिये जाएंगे। कंपनियों को भी नये रोजगार देने के अवसर जो भी ज्यादा जुटाएगा उनको भी प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। दूसरी ओर, स्टार्टअप इंडिया पहल ने देश में एक जीवंत उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2016 में शुरू की गई इस पहल ने 1 लाख 60 हजार से ज़्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स को सहायता प्रदान की है और 17 लाख 60 हजार से ज़्यादा रोज़गार सृजित किए हैं। अप्रैल 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री मुद्रा योजना लाखों छोटे उद्यमियों को आसान ऋण प्रदान करती है। इस साल अप्रैल में प्रधानमंत्री के साथ बातचीत के दौरान, भोपाल के एक मुद्रा लाभार्थी लवकुश मेहरा ने 2021 में 5 लाख रुपये के शुरुआती ऋण के साथ अपना व्यवसाय शुरू करने के बारे में बताया। पहले में किसी के यहां नौकरी करता था तो नौकर था, आपने हमारी गारंटी ली है कि मुद्रा लोन के माध्यम से और आज हम मालिक बन गये हैं। मुद्रा योजना के तहत अब तक लगभग 33 लाख करोड़ रुपये के 52 करोड़ से ज़्यादा ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं, जिससे देशव्यापी उद्यमशीलता क्रांति को बढ़ावा मिला है। इस प्रकार देश का फलता–फूलता स्टार्टअप इकोसिस्टम युवाओं को नौकरी चाहने वालों से नौकरी देने वाले बनने में मदद कर रहा है।

---

जीएसटी सुधार पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि इसके बारे में जो फैसला हुआ है वो ऐतिहासिक है।

———बाइट———

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि जीएसटी का दर कम होने से लोगों को काफी राहत मिली है।

———बाइट———

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि जीएसटी के नये दर से आम लोगों को महंगाई से राहत मिली है।

———बाइट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि विभिन्न उत्पादों की कीमत कम होने से सभी लोग खुश हैं।

———बाइट———

राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की आज एक सौ सत्रहहवीं जयंती है। आज ही के दिन उन्नीस सौ आठ में बेगूसराय के सिमरिया में उनका जन्म हुआ था। उन्हें राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना को जागृत करने वाली रचनाओं के लिए जाना जाता है। उन्नीस सौ बासठ के भारत–चीन युद्ध की पृष्ठभूमि पर उनकी रचना **परशुराम की प्रतीक्षा** युद्ध की विभिषीका और उस समय के देश के हालात का वर्णन करती है। सुनते हैं, उनके स्वर में इस रचना के अंश।

———बाइट———

राष्ट्र कवि दिनकर की जयंती पर उनके पैतृक गांव बेगूसराय के दिनकर ग्राम में श्रद्धांजलि सभा का अयोजन किया गया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने दिनकर उच्च विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।

शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन आज मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है।

——म्यूजिक——

मान्यता है कि मां के इस स्वरूप की पूजा करने से तप, त्याग, सदाचार और संयम में वृद्धि होती है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि मंदिरों और शक्तिपीठों में सुबह से ही लोग पूजा–अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। पूरा वातावरण मां दुर्गा के मंत्रों और भजनों से गुंजायमान है।

––म्यूजिक––

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों की गतिविधियां हुईं तेज। तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में महागठबंधन के घटक दलों की आज हुई बैठक।

02. कांग्रेस कार्य समिति की कल पटना में बैठक। पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा राहुल गांधी और सोनिया गांधी भी होंगे शामिल।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार छब्बीस सितम्बर को राज्य की पचहत्तर लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खाते में स्वरोजगार के लिए दस–दस हजार रुपये की राशि ऑनलाइन भेजेंगे।

04. और, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती आज समारोहपूर्वक मनाई गयी। बेगूसराय के सिमरिया स्थित दिनकर ग्राम में श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।